यूडीएच मंत्री ने किया ''कामयाब कोटा'' के पोस्टर का विमोचन–

कोटा के बहुआयामी विकास के लिए जिला प्रशासन का नवाचार

जयपुर, 17 जनवरी। यूडीएच मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को कोटा प्रवास के दौरान कामयाब कोटा अभियान के पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि कामयाब कोटा अभियान में सभी संबंधित विभागों की पूरी निष्ठा के साथ सक्रिय भागीदारी रहे जिससे यह अभियान सफल बने।

इस अवसर पर कोटा दक्षिण विधायक श्री संदीप शर्मा, लाडपुरा विधायक श्रीमती कल्पना देवी,जिला कलेक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी एवं अन्य उपस्थित रहे।

—————

रचना शर्मा / रवि वर्मा